हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, गुरुवार 20 अगस्त 2026

तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

12 पेंड्रावन जलाशय बंगोली में 15 फीट ...



12 जर्जर स्कूल भवन में पढ़ाई करने बच्चे मजबूर






# पलारी में ग्रामीण चिकित्सा अधिकारी के नाम फर्जी आदेश : स्वास्थ्य विभाग में मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

अंचल के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रोहांसी में पदस्थ ग्रामीण चिकित्सा अधिकारी करण कुमार देवांगन के नाम से फर्जी स्थानांतरण आदेश जारी होने का मामला प्रकाश में आया है, जिसे लेकर स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया है। दस्तावेज की जांच में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के हस्ताक्षर फर्जी होने और ऐसा कोई आदेश विभाग से जारी नहीं किए जाने की बात सामने आई है।

जानकारी के मुताबिक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रोहांसी में पदस्थ ग्रामीण चिकित्सा अधिकारी करण कुमार देवांगन के नाम से एक स्थानांतरण आदेश तैयार किया गया था, जिसमें उनका स्थानांतरण प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रोहांसी से भाटापारा ब्लॉक के मोपर स्थित स्वास्थ्य केंद्र किए जाने का उल्लेख था। उक्त आदेश लेकर चिकित्सक करण कुमार देवांगन आदेश पत्र लेकर संबंधित ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी डॉ. पंकज वर्मा के समक्ष पहुंचे।

बीएमओ वर्मा ने सीएमएचओ का हस्ताक्षर आदेश पत्र देखने के बाद उसकी प्रमाणिकता पर संदेह जताया। इसके बाद जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य कार्यालय से पत्र के संबंध में जानकारी ली गई। जांच में सामने आया कि, आदेश पत्र पर अंकित मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के हस्ताक्षर उनके द्वारा किए ही नहीं गए थे और विभाग की ओर से ऐसा कोई स्थानांतरण आदेश जारी नहीं किया गया था।

## विभाग की ओर से ऐसा कोई स्थानांतरण आदेश जारी नहीं

### पलारी थाने में लिखित शिकायत

फर्जी दस्तावेज सामने आते ही स्वास्थ्य विभाग ने मामले को गंभीरता से लिया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के निर्देश पर ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी के माध्यम से पलारी थाने में लिखित शिकायत की गई है। पुलिस अब इस बात की जांच कर रही है कि कथित फर्जी आदेश किसने तैयार किया, इसे विभाग में किस उद्देश्य से प्रस्तुत किया गया और इसके पीछे कौन-कौन लोग शामिल हैं। मामले में सीएचएमओ राजेश अवस्थी से फोन पर बात करने से कहां की मैं वर्कशॉप कार्यक्रम में बाहर हूं, अभी मैं कुछ नहीं बता सकता।




### आदेश फर्जी है, हस्ताक्षर मेरे नहीं : बीएमओ

मामले को लेकर बीएमओ डॉ. पंकज वर्मा ने बताया कि ग्रामीण चिकित्सा सहायक करण कुमार देवांगन द्वारा 17 अगस्त को स्वयं का स्थानांतरण आदेश पत्र मेरे कार्यालय में प्रस्तुत किया गया। आदेश पत्र में संदेह होने से सीएचएमओ सर से बात हुई एवं उनके द्वारा जानकारी दी गई कि उक्त आदेश पूर्णत फर्जी है। हस्ताक्षर भी उनके नहीं है तथा उनके द्वारा आपराधिक मामला दर्ज कर कार्यवाही हेतु निर्देशित किया है।

## खबर संक्षेप

### शराब तस्करी के दोषी को 1 वर्ष का सश्रम कारावास 24 हजार का जुर्माना



**तिल्दा नेवरा**। इलाके में अवैध शराब के कारोबार पर तिल्दा पुलिस की कार्रवाई के बाद अब न्यायालय ने भी सख्त फैसला सुनाया है। करीब चार महीने पहले 180 पौवा देशी शराब के साथ पकड़े गए आरोपी पूरन लाल वर्मा को तिल्दा न्यायालय ने एक वर्ष के सश्रम कारावास और 24 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। मामला 29 अप्रैल 2026 का है। तिल्दा नेवरा पुलिस ने ऑपरेशन निश्चय के तहत ताराशिव निवासी पूरन लाल वर्मा के कब्जे से 180 पौवा देशी मदिरा मसाला शराब और 900 रुपये बिक्री रकम बरामद की थी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज कर समय-सीमा में न्यायालय के समक्ष अभियोग पत्र पेश किया। प्रकरण की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से प्रस्तुत साक्ष्यों और तर्कों के आधार पर न्यायालय ने आरोपी को दोषी माना। न्यायालय ने पूरन लाल वर्मा को एक वर्ष का सश्रम कारावास और 24 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया। अर्थदंड नहीं चुकाने पर आरोपी को अतिरिक्त दो माह का सश्रम कारावास भुगतना होगा। फैसले में न्यायालय ने कहा कि आरोपी का कृत्य गंभीर प्रकृति का है और इसका समाज, विशेषकर युवाओं पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।चार महीने के भीतर मामले में फैसला आने को तिल्दा पुलिस की प्रभावी विवेचना और अभियोजन पक्ष की मजबूत पैरवी का परिणाम माना जा रहा है।

### 57 प्रकरणों में 562 लीटर शराब जब्त, दो कोचिया गिरफ्तार



**भटगांव**। थाना प्रभारी उप निरी. शिवकुमार धारी की नेतृत्व में अब तक आबकारी एक्ट के 57 मामलों में 562 लीटर शराब को जब्त किया गया। पुलिस ने ग्राम सलोनीकला सांवरिया डेरा तथा चुरेला में रेड कार्यवाही कर अवैध रूप से कच्ची महुआ शराब बिक्री करने वाले दो लोगों को पकड़ा। आरोपी लक्ष्छी गोड 23 साल साकिन सबरिया डेरा सलोनीकला के कब्जे से 30 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमती 6000, आरोपी दीपक मनहर 25 वर्ष साकिन चुरेला थाना भटगांव के कब्जे से 15 लीटर हाथ भट्टी महुआ शराब कीमती 3000 रुपए जब्त कर आरोपी के विरुद्ध अपराध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय, में पेश किया गया जिसे न्यायालय द्वारा न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

### ग्रामीण थाना में नए टीआई अविनाश श्रीवास ने किया पदभार ग्रहण

**भाटापारा**। ग्रामीण थाना में अविनाश श्रीवास नये टीआई ने पदभार ग्रहण किया। वे बलौदाबाजार से भाटापारा ग्रामीण थाना में पदस्थ किये गये हैं। पदभार ग्रहण करने के पश्चात चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र व शहर सीमा के अन्तर्गत के कुछ क्षेत्र में कानून व्यवस्था में कसावट लायी जायेगी एवं अवैध काम करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जायेगी। थाना क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले गावों में लगातार पेट्रोलिंग की जायेगी व आपराधिक गतिविधियों पर शतत निगरानी रखी जायेगी, जिससे क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रह सके।

## ग्रामीणों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता

# 17 ग्रामों में 97.92 लाख रुपए के मुक्तिधाम शेड सह प्रतीक्षालय निर्माण कार्य स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

- राजस्व मंत्री वर्मा ने दी बलौदाबाजार और सिमगा विकासखंडों को विकास की बड़ी सौगात

ग्रामीण क्षेत्रों में अंतिम संस्कार और अंतिम क्रियाकर्म के दौरान ग्रामीणों को होने वाली असुविधाओं को दूर करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने बलौदाबाजार एवं सिमगा विकासखंडों के 17 विभिन्न ग्रामों में 97.92 लाख रुपए के मुक्तिधाम में शेड सह प्रतीक्षालय निर्माण कार्यों को अपनी स्वीकृति दे दी है। स्वीकृत यह सभी विकास कार्य ग्रामीण अधोसंरचना को मजबूती प्रदान करेंगे। इन ग्राम पंचायतों व गांवों को मिलेगा सीधा लाभ-राजस्व मंत्री द्वारा 5.76 लाख प्रति ग्राम अनुसार स्वीकृत सूची में सिमगा तथा बलौदाबाजार विकासखंडों के अंतर्गत आने वाले ग्रामों में मुक्तिधाम शेड सह प्रतीक्षालय का निर्माण कराया जाएगा,



जिसमें सिमगा विकासखंड के बिटकुली, बासीन खैरवारी, धोबनीडीह बुडगहन एवं अमेरी सहीडीह) शामिल हैं। इसी तरह बलौदाबाजार विकासखंड के ढनढनी खैरवारडीह, करमनडीह, मगरचबा खैरघटा, लिमाही गोड़खपरी, भरुवाडीह पौसरी/चांपा एवं ढाबाडीह, भाठागांव-स, रसेड़ा रसेड़ा, शुक्लाभाठा सोनपुर, चरौटी चरौटी एवं अचानकपुर, ढाबाडीह, अचनाकपुर, झोंका तथा सेमराडीह शामिल हैं। इस महत्वपूर्ण स्वीकृति पर राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों का समग्र विकास और हर नागरिक तक बुनियादी सुविधाएं पहुंचाना हमारी सरकार का मुख्य ध्येय है। मुक्तिधाम में शेड और प्रतीक्षालय न होने के कारण ग्रामीणों को विशेषकर बारिश और भीषण गर्मी के मौसम में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। इन स्वीकृतियों से अब अंतिम संस्कार के समय लोगों को एक सम्मानजनक और सुविधापूर्ण वातावरण मिलेगा। आगे भी विकास का यह सिलसिला अनवरत जारी रहेगा। ग्रामीणों में हर्ष की लहर 17 प्रमुख गांवों में 97.92 लाख रूपए के मुक्तिधाम शेड सह प्रतीक्षालय निर्माण की स्वीकृति मिलने से क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों में अपार उत्साह है। ग्रामीणों ने मंत्री टंकराम वर्मा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके इस संवेदनशील प्रयास से बरसात और गर्मी के मौसम में होने वाली विकट समस्याओं से स्थाई निजात मिलेगी।

## जर्जर सड़क से परेशान ग्रामीणों का धरना प्रदर्शन



**मुड़पार-सरसीवां**। जर्जर सड़क सहित 14 सूत्रीय मांगों को लेकर बालपुर में पूर्व विधायक, सरपंच सहित ग्रामीणों ने अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है। अब जनआंदोलन व्यापक रूप ले चुका है। धरना स्थल पर पूर्व संसदीय सचिव एवं पूर्व विधायक चंद्रदेव राय सहित ग्रामीण, जनप्रतिनिधि जुटे हुए है आंदोलन में प्रतिदिन भीड़ उमड़ रही है। बात मूलभूत सुविधाओं और अपने अधिकारों के लिए है इन मुद्दों पर सभी एकजुट होकर निर्णायक लड़ाई लड़ने के लिए तैयार है। आंदोलन के समर्थन में सारंगढ़, सोनाखान, पवनी, बिलाईगढ़, भटगांव, सरसीवा, कोसीर, बरमकेला, पेंड्रावन सहित अनेक गांवों से हजारों की संख्या में किसान, युवा, महिलाएं, व्यापारी, सामाजिक कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधि पहुंच रहें हैं। सभी ने एक स्वर में 14 सूत्रीय मांगों को जनहित से जुड़ा बताते हुए शीघ्र निराकरण की मांग की।

धरना सभा को संबोधित करते हुए चंद्रदेव राय ने कहा कि यह आंदोलन किसी व्यक्ति या राजनीतिक दल का नहीं, बल्कि क्षेत्र की जनता के अधिकार, सम्मान और विकास की लड़ाई है। उन्होंने कहा कि वर्षों से लंबित जनसमस्याओं को अब और अनदेखा नहीं किया जा सकता। जनता की आवाज को शासन-प्रशासन तक मजबूती से पहुंचाने के लिए लोकतांत्रिक एवं शांतिपूर्ण संघर्ष जारी रहेगा।

धरना स्थल पर पूरे दिन जोश, उत्साह और एकजुटता का माहौल बना रहा। विभिन्न गांवों से पहुंचे लोगों ने स्पष्ट कहा कि जब तक 14 सूत्रीय मांगों पर ठोस एवं सकारात्मक निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक यह आंदोलन निरंतर जारी रहेगा। आंदोलन के अगले चरण के तहत 19 अगस्त से भूख हड़ताल शुरू करने की घोषणा की गई है। आंदोलनकारियों का कहना है कि यदि इसके बाद भी मांगों पर गंभीर पहल नहीं हुई तो संघर्ष को और व्यापक रूप दिया जाएगा।

## नौकरी लगाने के नाम पर 2 लाख की ठगी, पति-पत्नी गिरफ्तार

**भाटापारा**। छत्तीसगढ़ स्टेट पावर होल्डिंग कंपनी में ऑपरेटर के पद पर नौकरी दिलाने का झांसा देकर 2 लाख रुपये की ठगी करने वाले पति-पत्नी को भाटापारा शहर थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

जानकारी के अनुसार, प्रार्थी डिलेश कुमार साहू 30 वर्ष, निवासी बारगांव, थाना डोंगरगांव, जिला राजनांदगांव ने आरोपी 34 वर्ष विरेन्द्र साहू और उसकी 28 वर्षीय पत्नी गामिनी साहू के खिलाफ धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया कि 13 दिसंबर 2021 को आरोपियों ने प्रार्थी



को पावर होल्डिंग कंपनी में ऑपरेटर की नौकरी लगवाने का लालच दिया और झांसे में लेकर 2 लाख रुपये हड़प लिए। दोनों आरोपी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, सेक्टर 01, एलआईजी 41, सड्डू, रायपुर है जो मूल निवासी महावीर वार्ड, भाटापारा के है।

शिकायत के आधार पर भाटापारा शहर थाना पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध धारा 420, 34 भादवि ▶▶ शेष पेज 10 पर

## खेतों से केबल और झटका मशीन चुराने वाले 2 चोर गिरफ्तार

**भाटापारा**। ग्रामीण थाना क्षेत्र के अमलीडीह में किसानों के खेतों से केबल वायर और झटका मशीन चोरी करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से चोरी की गई झटका मशीन बरामद कर ली गई है, वहीं केबल जलाकर बेचे गए कॉपर के पैसों को शराब पीने में उड़ाना आरोपियों ने स्वीकार किया है।

अमलीडीह निवासी प्रार्थी भुनेश्वर साहू 56 वर्ष ने भाटापारा ग्रामीण थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 18 अगस्त की रात अमलीडीह कोसमारी खार स्थित उनके खेत में लगे 3 बोर के केबल वायर, पड़ोसी किसान तारकेश्वर यादव के खेत से



झटका मशीन और मोहन ध्रुव के खेत से केबल वायर कुल कीमती करीब 10,100 अज्ञात चोरों द्वारा काटकर चोरी कर ली गई है। शिकायत पर पुलिस ने धारा 303(2), 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

मामले की विवेचना के दौरान मुखबिर से मिली सटीक सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने संदेही 20 वर्ष बीरेन्द्र माण्डले और उसके रिश्तेदार 30 ▶▶ शेष पेज 10 पर

## भवन अनुज्ञा पत्र मिलते ही खिले चेहरे

## नगर के 108 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास की सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

नगर पालिका परिषद क्षेत्र के 108 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत भवन अनुज्ञा प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रकला डॉ. वर्मा ने हितग्राहियों को भवन अनुज्ञा पत्र सौंपे और केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के जरिए जरूरतमंद परिवारों को पक्के मकान का सपना पूरा करने में मदद मिल रही है। बताया गया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत कुल 2 करोड़ 82 लाख 2 हजार 850 रुपए की राशि



हितग्राहियों के खातों में जाएगी। इसमें 32 हजार 850 रुपए गृह प्रवेश के दौरान खर्च किए जाने हैं। वहीं कार्यक्रम में अधूरे मकानों को लेकर भी गंभीर चेतावनी दी गई। नगर पालिका अध्यक्ष और सीएमओ अमिताभ शर्मा ने कहा कि कुछ ठेकेदारों के खिलाफ शिकायतें मिली हैं, जिन्होंने हितग्राहियों से राशि लेने के बाद निर्माण कार्य अधूरा छोड़ दिया। ऐसे ठेकेदारों से सावधान रहने की अपील की गई है। सीएमओ अमिताभ शर्मा ने कहा कि मकानों का निर्माण गुणवत्तापूर्ण तरीके से कराया जाए। शिकायत मिलने पर संबंधित ठेकेदारों के खिलाफ रिकवरी के साथ कानूनी कार्रवाई भी की ▶▶ शेष पेज 10 पर

## अनियमितता मिलने पर 3 विक्रेताओं को नोटिस जारी

# कीटनाशक दुकानों की जांच में पहुंचे अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

कृषि विभाग द्वारा खरीफ 2026 अंतर्गत वर्तमान कृषि कार्य को दृष्टिगत रखते हुए कृषकों को गुणवत्तायुक्त कीटनाशक दवाई उपलब्ध कराने के उद्देश्य जिले के कीटनाशक निरीक्षकों द्वारा नियमित रूप से कीटनाशक विक्रय केंद्रों में दबिश देकर सघन निरीक्षण किया जा रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को निरीक्षण के दौरान अनियमितता पाए जाने पर 3 विक्रेताओं को नोटिस जारी किया गया।

विकासखंड पलारी के निरीक्षक सुचिन कुमार वर्मा ने ग्राम संडी में संचालित महेंद्र कृषि सेवा केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विक्रय केंद्र में कैश मेमो तथा स्त्रोत प्रमाण पत्र का उचित संधारण नहीं पाए जाने के कारण विक्रेता को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है। ग्राम संडी के ही भगत कृषि सेवा केंद्र के निरीक्षण के दौरान





स्त्रोत प्रमाण पत्र का उचित संधारण नहीं पाए जाने के कारण विक्रेता को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है। ग्राम कोदवा में संचालित कौटिल्य कृषि सेवा केंद्र के औचक निरीक्षण के दौरान विक्रय केंद्र में कैश मेमो का उचित संधारण नहीं पाया गया, जिस कारण उन्हें कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है।

विकासखंड सिमगा के कीटनाशक निरीक्षक ऑलिव मेरी कुजूर ने किसान कृषि केंद्र, दामाखेड़ा का औचक निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। विकासखंड कसडोल के कीटनाशक निरीक्षक धनेश्वर साय ने ग्राम कटगी में संचालित साहजित कृषि सेवा केंद्र एवं तकिम कृषि सेवा केंद्र का औचक निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए । विकासखंड भाटापारा के कीटनाशक निरीक्षक अवधेश उपाध्याय ने ग्राम कोदवा में संचालित हितेश कृषि सेवा केंद्र का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। उपसंचालक कृषि दीपक नायक ने सभी कृषि आदान विक्रेताओं को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि उर्वरक, बीज, कीटनाशक सहित अन्य कृषि आदान सामग्री के भंडारण एवं विक्रय से संबंधित सभी आवश्यक अभिलेखों का नियमित रूप से संधारण करें। स्टॉक रजिस्टर एवं बिल बुक में प्रत्येक आवक और विक्रय का सही तथा अद्यतन विवरण दर्ज किया जाना अनिवार्य है। विभाग ने विक्रेताओं को शासन द्वारा निर्धारित नियमों एवं प्रावधानों का कड़ाई से पालन करने की हिदायत दी है।

## सुघ्घर छतीसगढ़ अभियान, आज से गांवों में शिविर की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

नागरिकों को शासन के प्रति विश्वास बढ़ाने तथा जिले में योजनाओं का संतृप्तिकरण सुनिश्चित करने हेतु सुघ्घर छतीसगढ़ अभियान प्रारंभ किया गया है। अभियान अंतर्गत जिले के सभी ग्रामों में 31 व्यक्तिमूलक योजनाओं का संतृप्तिकरण किया जाएगा। इस हेतु प्रत्येक ग्राम पंचायत में 20 अगस्त 2026 से 15 सितम्बर 2026 तक शिविर आयोजित किये जाएंगे। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने सुचारु ढंग से शिविर आयोजित करने के निर्देश दिये हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार 20 अगस्त 2026 को विकासखंड सिमगा अंतर्गत ग्राम पंचायत अडबंधा, करहुल, चंदियापथरा, तुलसी, चक्रवाय एवं तोरा विकासखंड पलारी अंतर्गत ग्राम पंचायत फुन्ड़हरडीह, रेंगाडीह, मुसुवाडीह, जारा, साराडीह एवं छेरकाडीह (स), जनपद पंचायत कसडोल अंतर्गत ग्राम पंचायत चरौदा (क), देवरीकला, भदरा, मुड़ियाडीह, मोहतरा (क), साबर एवं सिनोधा, विकासखंड भाटापारा अंतर्गत ग्राम पंचायत तरेंगा, दतरेंगा, देवरी, सूमा एवं सेमरियाघाट, विकासखंड बलौदाबाजार अंतर्गत ग्राम पंचायत कोलियारी, देवरी, धवंई, भाठागांव, सलोनी एवं सोनाडीह शामिल हैं। शिविर नोडल अधिकारी संबंधित अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं संबंधित मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, सहायक नोडल अधिकारी होगें।इसके साथ ही ग्राम पंचायत सचिव, कृषि, स्वास्थ्य एवं सहकारिता विभाग के कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

**खबर संक्षेप**

### प्रतिभा पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

**सरायपाली।** प्रतिभा पब्लिक स्कूल बालसी में 15 अगस्त के 80वाँ स्वतंत्रता दिवस बड़े ही हर्षोल्लास और देशभक्ति के वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अग्रवाल समाज के अध्यक्ष अजय अग्रवाल थे, जिनका शाला प्रांगण आगमन पर विद्यालय के प्राचार्य नरहरि पटनायक, बीएड कॉलेज के प्राचार्य राजेंद्र चौधरी, आईटीआई प्राचार्य विजय प्रधान, खेल अधिकारी संजय कर तथा स्काउट-गाइड कैडेट्स द्वारा स्वागत किया गया। पश्चात प्रातः 7 बजे मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण किया गया, जिसके बाद उपस्थित शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने तिरंगे को सलामी देकर देशभक्ति के जयघोष किए। तत्पश्चात मुख्य अतिथि, शाला प्रबंधन समिति के कोषाध्यक्ष अवधेश अग्रवाल ने भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया और कक्षा 5वीं व 6वीं के विद्यार्थियों ने संगीतमय राष्ट्रगान की मनमोहक प्रस्तुति दी। मंच पर उपस्थित सभी अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया गया, जिसके बाद माध्यमिक विभाग के छात्र-छात्राओं द्वारा राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में मुख्य अतिथि अजय अग्रवाल ने विद्यार्थियों को जीवन में एक सफल और सच्चा नागरिक बनने का आह्वान किया। मंच संचालन उप-प्राचार्य नासिर खान ने किया, जबकि व्यवस्था और अनुशासन बनाए रखने में शिक्षक सुशील महापात्र का सराहनीय योगदान रहा। संपूर्ण कार्यक्रम का कुशल प्रबंधन हामिद खान द्वारा किया गया।

### पांच घंटे का अखंड दुर्गा चालीसा पाठ का आयोजन

**महासमुंद।** भगवती मानव कल्याण संगठन के तत्वावधान में 19 अगस्त को ग्राम खरोरा के श्यामबाई पटेल ने निवास पर पांच घंटे का दुर्गा चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। इस दौरान संगठन प्रमुख रंजीत चंद्राकर, दिलीप सेन, झरना पटेल, हीराबाई, परशुराम, दुलार, भीखम भूषण, कीर्ति, राधे, तनु, ललिता, कुमारी, चमन, राकेश, इंद्राणी, राजू आदि मौजूद रहे।

**रामसुंदर दास ने कहा- भगवान सबके जीवन में सुख ही लिखते हैं, मनुष्य अपने कर्मों से प्राप्त करता है दुख**

# तुलसी दास जयंती पर शिवरीनारायण में विविध आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गिधौरी







श्रावण शुक्ल सप्तमी को श्री गोस्वामी तुलसीदास महाराज की जयंती का कार्यक्रम शिवरीनारायण मठ एवं महन्त लाल दास शिक्षण समिति द्वारा संचालित विद्यालय में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ रामचरितमानस की पूजा अर्चना के साथ हुई। आगंतुक अतिथियों का स्वागत शाल, श्रीफल एवं पुष्प गुच्छ भेंट करके किया गया। बड़ी संख्या में उपस्थित श्रोताओं एवं छात्र-छात्राओं को अतिथियों ने संबोधित करके श्री गोस्वामी तुलसीदास जी महाराज के सामाजिक एवं आध्यात्मिक योगदान से अवगत कराया। राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास जी महाराज ने अपने संदेश में कहा कि- गोस्वामी तुलसीदास जी महाराज को अपने इष्टदेव श्री रामचन्द्र के प्रति इतना प्रेम था कि उन्होंने अपने वृंदावन प्रवास के समय भगवान श्री कृष्ण चंद्रजी का दर्शन करते समय यह कहा कि - कहा कहूं छवि आपकी भले बिराजे नाथ। तुलसी मस्तक तब नवे जब धनुष बाण लिए हाथ। भगवान को अपने भक्त की भावनाओं को देखकर श्री रामचंद्र के रूप में दर्शन देना पड़ा। छत्तीसगढ़ कृषक कल्याण बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा जी ने कहा कि- यदि किसी माता-पिता को अपने संतान के भाग्य लिखने का अवसर मिल जाए तो क्या वह अपने संतान के जीवन के राह में कांटे लिखेगा? भगवान सबके जीवन में सुख ही लिखते हैं लेकिन मनुष्य अपने कर्मों के कारण दुख प्राप्त करता है। कार्यक्रम को विष्णु घर दीवान ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर विशेष रूप से नरेंद्र मिश्रा पूर्व विधायक बलौदा बाजार, श्याम शुक्ला, छवि श्याम दुबे, रामचंद्र पटेल, पंकज शुक्ला, योगेश शर्मा, निरंजन लाल अग्रवाल, नटवरअग्रवाल, भरत व्यास, डॉ. संजय त्रिवेदी, अनिमेष मिश्रा, गंगाराम केवट ,भगत राम साहू, राधेलाल जायसवाल, बिहारी लाल भारद्वाज ,कोमल साहू, गंगाराम पटेल, पुनीराम साहू, त्यागी जी महाराज, सुखराम दास, गोपाल केवट, पुरेंद्र सोनी, मीडिया प्रभारी निर्मल दास वैष्णव आदि मौजूद थे।



## महाविद्यालय में मनाई तुलसी जयंती

**बिलाईगढ़।** शहीद वीर नारायण सिंह महाविद्यालय के हिंदी विभाग में गोस्वामी तुलसीदास जयंती का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. उमाकांत मिश्र की अध्यक्षता तथा हिंदी विभागाध्यक्ष सुनीता विक्रम कोसले के निर्देशन में संपन्न हुआ। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने सामूहिक स्वर में सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। अतिथियों के स्वागत के बाद प्रश्नोत्तरी सहित विभिन्न सांस्कृतिक एवं साहित्यिक गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों को कार्यक्रम से जोड़ा गया। हिंदी विभागाध्यक्ष सुनीता विक्रम कोसले ने गोस्वामी तुलसीदास के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए उनके साहित्यिक योगदान को रेखांकित किया। वहीं प्राचार्य डॉ. उमाकांत मिश्र ने विद्यार्थियों को तुलसीदास के जीवन एवं विचारों से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। उन्होंने तुलसीदास के जीवन परिचय तथा उनकी कालजयी कृति 'रामचरितमानस' के विविध पक्षों से विद्यार्थियों को अवगत कराया। कार्यक्रम के दौरान आयोजित प्रतियोगिता में चांदनी, रितु राकेश, संगीता यादव, गोपाल चौहान, नीतू राकेश एवं युवराज ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पुरस्कार प्राप्त किए। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक रेशम चौहान ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकगण सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। आयोजन ने विद्यार्थियों को हिंदी साहित्य, भारतीय संस्कृति और तुलसीदास के साहित्यिक एवं नैतिक मूल्यों से जुड़ने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान किया।

## आयुष स्वास्थ्य शिविर में कई रोगों का हुआ उपचार

**भाटापारा।** आयुर्वेद औषधालय गुर्रा द्वारा कुर्मी छात्रावास, मंडी रोड, भाटापारा में आयोजित विकासखण्ड स्तरीय एक दिवसीय निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य, रोग निदान एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जिला आयुष अधिकारी डॉ. गोदावरी पैकरा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि अश्वनी शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष, विशेष अतिथि हरिराम वर्मा, राजप्रधान, छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज, अर्जुनीराज एवं अन्य अतिथियों द्वारा भगवान धन्वंतरि के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम में नंद किशोर वैष्णव, पार्षद श्रेणिक गोलछा, पार्षद ठाकुर राम साहू पार्षद एवं दीपक टिकरिहा अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। शिविर में मुख्य रूप से वात रोग, उदर रोग एवं प्रतिश्याय से संबंधित मरीज उपचार एवं परामर्श हेतु उपस्थित हुए। इसके साथ ही मरीजों की नेत्र जांच, दंत जांच एवं रक्त जांच भी की गई। सिविल अस्पताल चिकित्सक डॉ. अरुण एक्का, नेत्र सहायक किस्मत गुलेरी एवं लैब टेक्नीशियन ने शिविर में अपनी सेवाएं प्रदान की उपस्थित हितग्राहियों को औषधीय युक्त काढ़े का निःशुल्क वितरण भी किया गया। शिविर के दौरान स्वर्णप्राशन संस्कार का भी आयोजन किया गया। औषधियों का वितरण किया गया। शिविर में कुल 365 हितग्राहियों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लिया। शिविर के सफल आयोजन में शिविर प्रभारी डॉ. दुष्यंत, आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी; डॉ. ममता मिश्रा, आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी; डॉ. देवेंद्र कुमार भैना, आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी।

## बरडीह स्कूल में स्वतंत्रता दिवस मना



**खरोरा।** घिवरा संकुल के अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बरडीह में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। प्रांगण को तिरंगे झंडे और फूलों से सजाया गया था। प्रातः 80 बजे प्रभात फेरी के बाद मुख्य अतिथि शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष नितेश चेलक व ग्राम के पंचों द्वारा ध्वजारोहण किया गया और सभी ने वीरों का नमन किया। तत्पश्चात शिक्षक विशेषर वर्मा एवं चरित्र ध्रुव ने संयुक्त रूप से बच्चों को संकल्प के रूप में कहा कि यह दिन हमें केवल जश्न मनाने का नहीं बल्कि एक जिम्मेदार नागरिक बनकर देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने का संकल्प लेने की प्रेरणा देता है। साल के छात्र-छात्राओं द्वारा भाषण, देशभक्ति गीत ,कविता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया शाला के प्रधान पाठक हेमकुमारी साहू ने कार्यक्रम को सफल बनाने में समस्त ग्रामवासियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के अंत में बच्चों एवं ग्राम वासियों को मिठाई का वितरण किया गया।

## यादव समाज ने आयोजित किया सावन झूला और सिलाई प्रशिक्षण



**बिलाईगढ़।** छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में प्रधान कार्यालय यादव सामाजिक भवन महादेव घाट रायपुरा रायपुर में 15 से 17 अगस्त तीन दिवस का सावन झूला एवं सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम का कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें जगनीक यादव प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात समाज के मेघावी छात्र-छात्राओं, उत्कृष्ट कार्य करने व कार्य करने वाले, विभिन्न क्षेत्रो में योगदान देने वाले वरिष्ठ नागरिकों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष रजनी यादव ने कहा कि यादव समाज की महिला को एक सूत्र में जोड़ने, समाज की सेवा करने और संस्कृति की रक्षा करने समाज की एकता संगठन की शक्ति की जानकारी दी। विशेष अतिथ्यि भगत सिंह यादव प्रदेश उपाध्यक्ष तीरथ यादव प्रदेश अध्यक्ष राजनैतिक प्रकोष्ठ चांदराम यादव प्रदेश अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ ने भी संबोधित किया।

समापन सत्र की मुख्य अतिथि सैलानी यादव प्रदेश अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ ने एकता शिक्षा और विकास के संबंध में कहा सीमा यादव ने समाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक कला एवं खेल के क्षेत्र में आगे बढने कहा इस मौके पर महानगर ईकाई के पुन्नी यादव सुन्दर लाल यादव, शत्रुधन यादव, प्रीतम यादव, परदेशी यादब, बैशाखू यादव, मतवारी यादव नरेश यादव रामस्वरुप यादव पतिराम यादव प्रमोद यादव, बलराम यादव आदि समाज प्रमुख उपस्थित रहे।



## गढ़पटनी स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

**बसना।** शासकीय प्राथमिक शाला गढ़पटनी में देशभक्ति और उत्साह के वातावरण में स्वतंत्रता दिवस की 80वीं वर्षगांठ धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम में प्राथमिक शाला एवं मिडिल स्कूल के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत मनमोहक साहित्यिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम ने उपस्थित अतिथियों एवं ग्रामीणजनों का मन मोह लिया। देशभक्ति गीत, कविता, भाषण एवं विभिन्न प्रस्तुतियों के माध्यम से विद्यार्थियों ने राष्ट्रप्रेम की भावना का सुंदर प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सुग्रीव भोई तथा विशिष्ट अतिथि लक्ष्मी प्रसाद पटेल, सरपंच रोशन पटेल, उपसरपंच विद्यापन पटेल, गोकुल चंद नायक, शाला प्रबंधन समिति की अध्यक्ष देवकी पटेल एवं परमानंद पटेल सहित अनेक नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में ठाकुर राम पटेल, पंचम जार्ज, फुलसाय पटेल, राजेंद्र पटेल, शनि पटेल, देवेंद्र कैवर्त, चंद्र प्रकाश, करन दास, प्रवीण, देवेश, वीरेंद्र, मनोहर पटेल, हरि सिंह, जितेंद्र निषाद, कुबेर निषाद, नरेश सोनी, लाला अमरनाथ, विश्वजीत कैवर्त, श्रीपती कैवर्त, सियाराम पटेल, देवानंद पटेल एवं हरिश्चंद्र पटेल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं विधुमति कर, बुधेश्वरी डडसेना, उमा कैवर्त एवं निर्मला कैवर्त तथा रसोइयों ने भी अपनी सहभागिता दी। प्राथमिक एवं मिडिल स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाओं चंचलता सतपथी, डमरू धर बंछोर, लगन नाग एवं खीरवंती भोई ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक शंकर सिदार ने किया। शासकीय प्राथमिक शाला गढ़पटनी के प्रधान पाठक सरविंद सिदार ने आभार व्यक्त किया।

# सिरबोड़ा स्कूल में हर्षोल्लास से मना स्वतंत्रता दिवस, प्रतिभावान विद्यार्थियों का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सरायपाली



स्वतंत्रता दिवस का पावन पर्व उच्च प्राथमिक शाला सिरबोड़ा के विद्यालय प्रांगण में राष्ट्रभक्ति, उत्साह और उल्लास के वातावरण में गरिमापूर्वक मनाया गया। तिरंगे की शान और देशभक्ति के जयघोष के बीच आयोजित ध्वजारोहण समारोह के साथ विद्यालय परिसर में राष्ट्रप्रेम की अनुपम छटा बिखर उठी। कार्यक्रम में ध्वजारोहण एवं सांस्कृतिक-साहित्यिक प्रस्तुतियों के लिए मुख्य अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त तहसीलदार कीर्तिवास भोई रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष अभिमन्यु नैरोजी ने की। विशिष्ट अतिथि चंद्रमा नैरोजी (सरपंच, ग्राम पंचायत सिरबोड़ा), नलसाय सिदार, अनिरुद्ध भोई, उपेंद्र बेहरा, उग्रेसन भोई, दिगंबर सिदार एवं बेलमती नायक उपस्थित रहीं।

अतिथियों ने अपने उद्बोधन में देश की स्वतंत्रता के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले अमर शहीदों एवं स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धापूर्वक नमन किया। उन्होंने कहा कि भारत की स्वतंत्रता असंख्य वीरों के त्याग, तपस्या और बलिदान का अमूल्य प्रसाद है। आजादी की इस विरासत को अक्षुण्ण रखना प्रत्येक नागरिक का पवित्र दायित्व है। उन्होंने विद्यार्थियों से देश की एकता, अखंडता एवं सामाजिक समरसता को सुदृढ़ बनाने में अपनी सकारात्मक भूमिका निभाने का आह्वान किया। सांस्कृतिक एवं साहित्यिक कार्यक्रम में विद्यालय के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का मनोहारी प्रदर्शन किया। देशभक्ति गीतों पर विद्यार्थियों की शानदार प्रस्तुतियों ने उपस्थित जनसमुदाय का मन मोह लिया। वहीं भाषण, गीत, कहानी एवं कविता के माध्यम से बच्चों ने अपने ज्ञान, अभिव्यक्ति-कौशल और साहित्यिक प्रतिभा का परिचय दिया। बच्चों की प्रस्तुतियों से पूरा विद्यालय प्रांगण देशभक्ति के भाव से सराबोर हो उठा।

समारोह में ग्राम पंचायत सिरबोड़ा की ओर से इस वर्ष एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में चयनित विद्यालय की प्रतिभावान छात्राओं चेतना भोई, डिम्पल सिदार एवं यामिनी भोई को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि कीर्तिवास भोई द्वारा उन्हें मोमेंटो, प्रशस्ति पत्र एवं नगद राशि प्रदान कर उनकी उपलब्धि की सराहना की गई। सत्र 2025-26 में अपनी-अपनी कक्षाओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को विद्यालय की ओर से प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही प्रतिवर्ष की परंपरा को कायम रखते हुए बोर्ड परीक्षाओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को मुख्य अतिथि कीर्तिवास भोई द्वारा 1,000 नगद राशि, दीवार घड़ी एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन धर्मेंद्रनाथ राणा ने किया। इस अवसर पर हीरालाल साहू, महेश कुमार साहू, दिनेश कश्यप, क्षीरोद्र चौधरी, अनिता साहू, नयन सिदार (सचिव), सुरेश नायक (प्रबंधक), महेंद्र नायक, धरणीधर नायक, जयदेव बड़ेक, पिंटू, सुनील कुम्हार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, अभिभावक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## नपा में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस, नपाध्यक्ष ने किया ध्वजारोहण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद

स्वतंत्रता दिवस पर नगर पालिका परिसर में देशभक्ति का उल्लास देखने को मिला। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर राष्ट्रध्वज फहराया और समस्त उपस्थित जनसमूह को स्वतंत्रता दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। ध्वजारोहण के साथ राष्ट्रगान गाया गया और वातावरण देशभक्ति के नारों से गूंज उठा। इस अवसर पर देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले वीर स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग, संघर्ष और बलिदान को श्रद्धापूर्वक नमन किया गया। पालिका अध्यक्ष ने कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों के सपनों का भारत बनाने के लिए हम सभी को एकजुट होकर कार्य करना होगा। नगर को स्वच्छ, सुंदर एवं विकासशील बनाना हमारी प्राथमिकता है। कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका में उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य करने वाले कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन कर्मचारियों के समर्पण और मेहनत का प्रतीक है जिन्होंने नगर की सेवा में निरंतर योगदान दिया है। पालिका अध्यक्ष ने सभी सम्मानित कर्मियों को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे कार्य नगर के विकास को नई दिशा देते हैं और अन्य कर्मचारियों के लिए प्रेरणा बनते हैं। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, सभापति गुलशन साहू, जय देवांगन, ज्योति रिंकू चंद्राकर, एल्डरमैन लाल विजय सिंहदेव, हनीश रिंकू बग्गा उपस्थित रहे।

## वृंदावन विद्यालय में हर्षोल्लास से मनाया गया 80वां स्वतंत्रता दिवस



**महासमुंद।** स्थानीय वृंदावन विद्यालय इंग्लिश मीडियम हाईस्कूल में 80वाँ स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, नगर पालिका के वरिष्ठ सदस्य हनीश बग्गा, वार्ड क्र. 03 की पार्षद सुनैना पप्पू ठाकुर, वार्ड क्र. 10 के पार्षद माखन लाल पटेल, प्रभा साहू, व विद्यालय के संस्था प्रमुख एमआर विश्वनाथन, संचालिका सुजाता विश्वनाथन द्वारा ध्वजारोहण राष्ट्रगान के साथ किया गया। भारत के राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के रचनाकाल के 150 वर्ष पूर्ण होने पर विद्यालय प्रांगण में विद्यार्थियों द्वारा सम्पूर्ण वंदे मातरम का गान किया गया। अतिथि हरकराम चंद्राकर, चंद्रशेखर गौर, एसके अग्निहोत्री, डा. डीके साहू, रेखा गौर, किरण दीवान, तीश्रन चंद्राकर, रत्नारानी साहू, गोमती साहू, मुकेश आर्या, वरिष्ठ शिक्षिका विजय लक्ष्मी राव, उर्मिला अग्निहोत्री, एम रजनी ने माँ भारती की छायाचित्र पर माल्यर्पण कर दीप प्रज्वलित किया। शिक्षिका अंशु यादव, विद्या सिन्हा श्वेता शर्मा ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत, भाषण, कविता, सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा नृत्य प्रस्तुत किया। शिक्षिका संध्या सोना, शिक्षक श्रीकांत तांडेकर, चंदन तारक ने अपने देशभक्ति भाषण से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। संस्था प्रमुख एमआर विश्वनाथन ने कहा कि मेहनत, अनुशासन, ईमानदारी और अच्छे संस्कार ही भारत को विकसित और सशक्त राष्ट्र बना सकते हैं। संचालिका सुजाता विश्वनाथन ने ज्ञान का साथ संस्कार आत्म विश्वास के साथ विनम्रता अधिकार के साथ कत्त्रव्य बोध को प्रत्येक विद्यार्थी को अपने जीवन में अपनाते हुए अपने माता पिता, विद्यालय तथा भारतवर्ष का नाम उज्जवल करें। विद्यालय की ओर से मिनी स्टेडियम में प्रतिनिधित्व कर रहे प्रभारी शिक्षक अमृता चंद्राकर सुषमा साहू, होमेश साहू एवं छात्रा ख्याति, हरप्रीत व वेदिता ने एनएसएस में प्रथम स्थान, रेड क्रौस में अनुश्री ने द्वितीय व स्काउट एवं गाइड में स्काउट तीर्थ, हर्षित, युगांश, आरव, धैर्यांश एवं नोमेश ने तृतीय स्थान प्राप्त कर शाला को गौरवान्वित किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक प्रवीण साहू तथा आभार व्यक्त उपप्राचार्य इंदु मिश्रा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में वर्षा चंद्राकर, शुभ्रा अग्रवाल, मोनिशा बावनकर, भूमिका वर्मा, संध्या सोना, नीरू माँझी, रिंकी कुर्रे, अमन वर्मा, स्वाति ठाकुर, नंदिनी साहू, अंशु यादव, हेमलता वर्मा, हिमानी सोनकर , तोषिका भोसले, श्रीकांत तांडेकर, चंदन तारक, श्वेता शर्मा, दीपिका प्रजापति, विद्या सिन्हा, लक्ष्मीनारायण साहू, तुषार निर्वाण आदि का सहयोग रहा।

**पेज 9 के शेष**

### नौकरी लगाने के नाम...

(आईपीसी) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। विवेचना के दौरान पुलिस ने प्रार्थी और गवाहों के बयान दर्ज किए। साथ ही बैंक खाता विवरण (बैंक स्टेटमेंट) और पावर होल्डिंग कंपनी में किए गए ऑनलाइन आवेदन की पावती साक्ष्य के रूप में जुटाई। ठोस सबूत मिलने पर पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए 18 अगस्त को आरोपी दंपत्ति को हिरासत में लिया। पूछताछ और मेमोरेण्डम कथन में आरोपियों ने नौकरी के नाम पर 2 लाख रुपये लेकर ठगी करने की बात स्वीकार की, जिसके बाद उन्हें विधिवत गिरफ्तार कर लिया गया।

### खेतों से केबल और...

वर्ष दीपक भारद्वाज को हिरासत में लिया। कड़ाई से पूछताछ करने पर दोनों आरोपियों ने चोरी की वारदात को अंजाम देना स्वीकार कर लिया। आरोपियों ने पूछताछ में खुलासा किया कि उन्होंने चोरी किए गए केबल वायर को जलाकर उसमें से तांबा (कॉपर) निकाला और उसे कबाड़ी के पास बेच दिया। बिक्री से मिले पैसों को दोनों ने शराब पीने में खर्च कर दिया। पुलिस ने आरोपी बीरेन्द्र माण्डले की निशानदेही पर उसके घर से चोरी की गई 1 नग झटका मशीन गवाहों के समक्ष जब्त कर ली है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य पाए जाने पर उन्हें गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेजा।

### नगर के 108 हितग्राहियों...

जाएगी। भवन अनुज्ञा प्रमाण पत्र हाथ में आते ही हितग्राहियों के चेहरों पर खुशी साफ नजर आई। कई परिवारों के लिए यह सिर्फ एक सरकारी प्रमाण पत्र नहीं, बल्कि अपने पक्के घर के सपने की शुरुआत है।

## खबर संक्षेप

### आईटीआई सिमगा के 7 प्रशिक्षणार्थियों का बैंगलोर और चेन्नई के उच्च संस्थानों में चयन



**सिमगा।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था आईटीआई, सिमगा के प्रशिक्षणार्थियों ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का परचम लहराया है। सत्र 2026-27 के लिए संस्था के 7 प्रशिक्षणार्थियों का चयन चेन्नई एवं बैंगलोर स्थित नामी उच्च कंप्यूटर प्रशिक्षण संस्थानों में हुआ है। चयनित प्रशिक्षणार्थियों में माधुरी पात्रे, संगीता साहू, पूजा बारले, मिनी मारकंडे, धनराज, मनीष बारेल, भावेश देवांगन शामिल हैं। प्रशिक्षणार्थियों ने ऑल इंडिया स्तर की कठिन प्रतिस्पर्धा में उच्च अंक हासिल कर यह सफलता प्राप्त की है। उन्होंने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय संस्था प्रमुख मोहन लाल देवांगन और प्रशिक्षण अधिकारियों को दिया है। संस्था के प्रमुख व समस्त अधिकारियों ने चयनित छात्रों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

### सशिमं में मनाई गई नागपंचमी



**खरोरा।** सरस्वती शिशु मंदिर में नागपंचमी का पर्व मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के आचार्य-दीदियों की उपस्थिति में नागदेवता एवं भगवान शिव की पूजा-अर्चना की गई। विद्यालय के प्राचार्य अश्वनी पाटकर ने बताया कि हिंदू पंचांग के अनुसार श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को नागपंचमी का पर्व मनाया जाता है। सावन का महीना भगवान शिव को समर्पित माना जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार नागदेवता की पूजा करने से भगवान शिव भी प्रसन्न होते हैं।उन्होंने कहा कि नागपंचमी हिंदू धर्म का प्रमुख पर्व है। इस दिन श्रद्धालु नागदेवता की पूजा-अर्चना कर सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना करते हैं। भगवान शिव के गले में नाग विराजमान रहते हैं, इसलिए शिव आराधना के साथ नागदेवता की पूजा का भी विशेष महत्व माना गया है। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त आचार्य एवं दीदियां उपस्थित रहे। पर्व के दौरान विद्यार्थियों को नागपंचमी के धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व की जानकारी भी दी गई।

### जिला स्तरीय विश्व आदिवासी दिवस 30 को

**बलौदाबाजार।** सर्व आदिवासी समाज जिला इकाई बलौदाबाजार एवं समस्त सगा समाज के तत्वावधान में जिला स्तरीय विश्व आदिवासी दिवस समारोह 30 अगस्त को जिला ऑडिटोरियम भवन में आयोजित किया जाएगा। आयोजन की तैयारियों को लेकर गोंडवाना भवन में जिला स्तरीय बैठक आयोजित कर कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि जिले के बलौदाबाजार, सिमगा, पलारी, कसडोल और भाटापारा ब्लॉक से बड़ी संख्या में आदिवासी समाज के लोग शामिल होंगे। इसके अलावा विभिन्न महासभाओं, चक अध्यक्षों, महिला एवं युवा प्रभाग, अधिकारी-कर्मचारी तथा जिले के करीब 754 ग्रामों के सगा समाज को कार्यक्रम में सहभागिता के लिए आमंत्रित किया गया है।


**न्यायालय नायब तहसीलदार निपनिया, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

**- ईश्तहार -**

रा.प्र.क्र. ........./ अ-6 वर्ष 2025-26
ग्रामः खपरी (एस) प.ह.नं. 25

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक धन्नू साहू पिता दुकलहा साहू अन्य 03 निवासी बलौदाबाजार तहसील बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा के द्वारा ग्राम खपरी (एस) प.ह.नं. 25 रा.नि.मं. निपनिया तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार भाटापारा स्थित भूमि खसरा नंबर 80, 95, 213, 614 रकबा क्रमशः 0.243, 0.648, 0.089, 0.036 हे. भूमि का न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) राजस्व अपील प्रकरण क्रमांक 202511211100040/ अ-6 वर्ष 2025-26 ग्राम खपरी (एस) में पारित आदेश दिनांक 03/07/2026 के परिपालन किये जाने हेतु न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भाटापारा के आदेश की छायाप्रति सहित आवेदन पत्र पेश किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है। तथा दिनांक 31/08/2026 को सुनवाई हेतु नियत है।

जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की कोई आपत्ति दावा हो तो अपना आपत्ति नियत पेशी दिनांक 31.08.2026 तक स्वयं या अपने अभिभाषक या वैध प्रतिनिधि के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है नियत अवधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 10.08.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर सहित जारी किया गया।

मुहर **नायब तहसीलदार निपनिया**


# खाद्य सुरक्षा अभियान: अवमानक गुड़ पर 50 हजार का जुर्माना

**खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने जांच में की कार्रवाई**





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

आगामी विभिन्न पर्वों एवं बरसात के मौसम को दृष्टिगत दृष्टिगत रखते हुए आम नागरिकों को सुरक्षित, शुद्ध गुणवत्तापूर्ण एवं मानक खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में सात दिवसीय सघन खाद्य सुरक्षा प्रवर्तन एवं जन-जागरूकता अभियान बने खाबो-बने रहिबो 2.0 पूरे जिले में संचालित किया जा रहा है।

अभियान के दौरान होटल, ढाबों एवं अन्य खाद्य प्रतिष्ठानों की सघन जांच की जा रही है। पूर्व जांच के दौरान ज्ञानचंद एंड संस, सदर बाजार भाटापारा से गुड़ का नमूना जांच हेतु लिया गया था, जो जांच में अवमानक पाए जाने पर अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी द्वारा सम्बंधित फर्म पर 50 हजार का अर्थदंड अधिरोपित किया गया है।

मंगलवार को लिटल बावर्ची रेस्टोरेंट गार्डन चौक बलौदाबाजार, अंश होटल अम्बेडकर चौक से पनीर, आटा, मगज, फल्लीदाना एवं बासमती चावल का नमूना लेकर जांच हेतु खाद्य परिक्षण प्रयोगशाला भेजा गया है।

बरकती बिरयानी अम्बेडकर चौक बलौदाबाजार 5 किलो रंग युक्त चिकन फ्राई एबम चिकन चिल्ली को मौके पर नष्ट करवाकर नोटिस जारी किया गया। खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 के तहत कड़ी वैधानिक व दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## संकुल स्तरीय संगठनों की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया

# समूह की महिलाओं को मिला सोलर पैनल इंस्टालेशन व वेंडर रजिस्ट्रेशन का प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिला पंचायत के सभाकक्ष में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़े संकुल स्तरीय संगठन के महिला समूहों के लिए एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड द्वारा आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र से जोड़ना और उन्हें सोलर पैनल इंस्टालेशन तथा वेंडर रजिस्ट्रेशन की तकनीकी प्रक्रिया में सक्षम बनाना था। प्रशिक्षण सत्र के दौरान सीएसपीडीसीएल के अधिकारियों और तकनीकी विशेषज्ञों ने महिला स्व-सहायता समूहों की सदस्यों को सोलर पैनल की स्थापना, रखरखाव तथा इससे जुड़ी आवश्यक सुरक्षा सावधानियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसके साथ ही महिलाओं को वेंडर रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया भी समझाई गई, जिससे वे भविष्य में आधिकारिक रूप से सोलर वेंडर के रूप में पंजीकृत होकर अपने आजीविका के अवसरों को बढ़ा सकें। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों के संकुल स्तरीय संगठनों की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मुख्य रूप से सीएलएफ समूह लाहोद, सोनाखान, वटगन बनसांकरा, करहीबाजार के महिलाएं शामिल थीं। अधिकारियों ने महिलाओं के उत्साह की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के प्रशिक्षण से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ ऊर्जा के प्रसार के साथ-साथ महिला सशक्तीकरण और स्वरोजगार को एक नई दिशा मिलेगी। कार्यक्रम में सीएसपीडीसीएल के अधीक्षण अभियंता ज़ीपी अनंत, कार्यपालन अभियंता एके ठाकुर सहित एनआरएलएम, जिला पंचायत के कर्मचारी उपस्थित थे।

# योजना और आधुनिक खेती का लाभ ले रहे हैं किसान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुनी

> ■ कृषक उन्नति योजना और आधुनिक खेती की ओर अग्रसर हो रहे किसान

बलौदाबाजार विकासखंड अंतर्गत ग्राम अर्जुनी के किसान कृषक उन्नति योजना से धान के बदले अन्य फसल एवं आधुनिक खेती की ओर अग्रसर हो रहे हैं। किसान जेठू राम ध्रुव अपने 5 एकड़ खेत में पहले धान लगाया करते थे। लेकिन इस वर्ष शासन द्वारा संचालित कृषक उन्नति योजना से धान के बदले अन्य फसल ले रहे हैं। उपसंचालक कृषि दीपक नायक के मार्गदर्शन में क्षेत्रिय कृषि विकास अधिकारी एस. आर. हिरवानी तथा ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी हरीश चतुर्वेदी के द्वारा कृषक से संपर्क कर योजना में 15000 प्रति एकड़ शासन से मिलने की जानकारी दिया गया। इस योजना से प्रभावित होकर किसान द्वारा अपने 5 एकड़ खेत में अरहर, तिल, मक्का, को दो तथा रागी की खेती किया गया है। कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा निरीक्षण भी किया गया। जिसमें उनकी फसल को देखकर प्रभावित हुए एवं फसल अच्छा होना बताया गया। वहीं किसान सुरेंद्र कुमार वर्मा ग्राम अर्जुनी विगत कई वर्षों से पारंपरिक खेती करते थे। किंतु इस वर्ष वैज्ञानिक पद्धति अपनाते हुए, अपने 35 एकड़ खेत में सीड ड्रिल से धान की बोनी किया गया है। कृषि विकास अधिकारी एस. आर.हिरवानी एवं ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी हरीश चतुर्वेदी द्वारा खेतों में जाकर निरीक्षण किया गया और सीड ड्रिल से खेती करने के फायदे के बारे में बताया की इससे पौधे का सही विकास होता है, पोषक तत्वों का अवशोषण में सुधार होता है। पैदावार में 20 प्रतिशत तक की वृद्धि होती है तथा रोपा की तुलना में सीड ड्रिल से बोनी करने से लागत में भी कमी आती है।

# मुडियाडीह-खैंदा मार्ग पर 65 वर्षीय वृद्ध का शव मिला

**बलौदाबाजार।** ग्राम मुडियाडीह-खैंदा मेन रोड पर मंगलवार शाम 65 वर्षीय वृद्ध का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान केजराम ध्रुव पिता ढेल सिंह ध्रुव, निवासी ग्राम मुडियाडीह के रूप में हुई है। प्रारंभिक जांच में वृद्ध के शरीर पर धारदार हथियार से चोट के निशान पाए गए हैं। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार 18 अगस्त की शाम सूचना मिलने पर सिटी कोतवाली पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। एफएसएल की टीम ने भी घटनास्थल तथा शव की जांच की। परिजनों से पूछताछ में सामने आया कि केजराम ध्रुव शाम करीब 5 बजे अपने घर से ग्राम खैंदा में दूध देने के लिए निकले थे। इसके बाद उनका शव मुडियाडीह-खैंदा मार्ग पर मिला। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल बलौदाबाजार भेजा है। बुधवार 19 अगस्त को शव का पोस्टमार्टम किया जाएगा। मृतक के पुत्र लकेश्वर ध्रुव की सूचना पर सिटी कोतवाली में मर्ग कायम कर जांच एवं विवेचना शुरू कर दी गई है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल घटना के कारणों और परिस्थितियों की जांच जारी है।



# अंचल में मनाई गई आजादी की 80वीं वर्षगांठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

स्वतंत्रता दिवस सिमगा व अंचल के ग्रामीण क्षेत्रों में हर्षोल्लास से मनाया गया। इस मौके पर विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों शासकीय कार्यालयों एवं सार्वजनिक स्थलों में ध्वजारोहण किया गया। स्वतंत्रता दिवस को लेकर लोगों में भारी उत्साह देखने को मिला। क्षेत्र के ग्राम पंचायत बिनैका और ग्राम पंचायत लांजा में निर्धारित समयानुसार ध्वजारोहण कार्यक्रम संपन्न हुआ। बिनैका में सरपंच मुकेश बंजारे, लांजा में ओमप्रकाश बंजारे ने तिरंगा फहराया। ध्वजारोहण के बाद राष्ट्रगान की गूंज से पूरा माहौल देशभक्ति के रंग में सराबोर हो गया।

वहीं प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों में भी स्वतंत्रता दिवस गौरवपूर्ण ढंग से मनाया गया। सहकारी समिति पौंसरी, में अध्यक्ष परस साहू, कामता में अध्यक्ष रोहित साहू एवं विश्रामपुर समिति में अध्यक्ष हेमसिंह चौहान ने ध्जावरोहण किया गया। इस अवसर पर उपस्थित किसानों और समिति के सदस्यों को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने सहकारिता के महत्व पर प्रकाश डाला और कहा कि सहकारिता के माध्यम से ही ग्रामीण अर्थव्यवस्था को और मजबूत किया जा सकता है। उक्त अवसर पर समिति प्रबंधक सुरेश साहू, श्रीराम साहू, पुरूषोत्तम साहू, सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।





# युवा दिवस और खेल सप्ताह में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रोहासी में छात्राओं के लिए विभिन्न प्रतियोगिता एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के अंतर्गत 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' विषय पर निबंध प्रतियोगिता, सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी एवं कुर्सी दौड़ आयोजित की गई। छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा, ज्ञान एवं खेल भावना का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में शिक्षा, आत्मविश्वास, वित्तीय जागरूकता, कैरियर संबंधी समझ, नेतृत्व क्षमता एवं खेल भावना को बढ़ावा देना तथा बालिकाओं के अधिकारों एवं सशक्तिकरण के प्रति जागरूक करना रहा।

इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग की नम्रता साहू, वित्तीय साक्षरता एवं समन्वय विशेषज्ञ, तथा दीक्षा ठाकुर, पर्यवेक्षक द्वारा छात्राओं को मार्गदर्शन प्रदान किया गया। वहीं यशपाल जांगड़े, परामर्शदाता, चाइल्ड हेल्पलाइन द्वारा छात्राओं को सुरक्षा सम्बंधित जानकारी प्रदान किया गया. दीक्षा ठाकुर द्वारा कैरियर गाइडेंस एवं आवश्यक परामर्श दिया गया। उन्होंने छात्राओं को अपने रुचि एवं क्षमता के अनुसार कैरियर का चयन करने तथा भविष्य के लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर प्रयास करने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य दिनेश कुमार साहू, जीवन लाल बंजारे, लेखराम पटेल, कमलेश कुमार टंडन, अंजू साहू सहित विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं की सक्रिय सहभागिता रही। विद्यालय परिवार द्वारा अतिथियों एवं विभागीय अधिकारियों का स्वागत करते हुए छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए इस प्रकार के कार्यक्रम को महत्वपूर्ण बताया



# डीईओ ने ब्लॉक के विभिन्न स्कूलों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव/बिलाईगढ़

जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ के जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) जे.आर.डहरिया ने बुधवार को विकासखण्ड बिलाईगढ़ के प्राथमिक शाला भारतपुर, पूर्व माध्यमिक शाला मलदी, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पुरगांव के स्कूलों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय की शैक्षणिक एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं का गहन जायजा लेते हुए शिक्षकों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और अनुशासन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए ।

निरीक्षण के दौरान डीईओ ने छात्र-छात्राओं की उपस्थिति, शिक्षकों की नियमितता, पठन-पाठन की गुणवत्ता, मध्याह्न भोजन, पेयजल, शौचालय, पुस्तकालय तथा विद्यालय परिसर की साफ-सफाई का निरीक्षण किया. उन्होंने उपलब्ध संसाधनों के बेहतर उपयोग पर भी जोर दिया । डीईओ विभिन्न कक्षाओं में पहुंचे और छात्र-छात्राओं से बातचीत कर विभिन्न विषयों से जुड़े प्रश्न पूछे । उन्होंने बच्चों की सीखने की क्षमता का आकलन करते हुए नियमित रूप से विद्यालय आने और मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया. छात्रों ने भी उत्साहपूर्वक उनके प्रश्नों का उत्तर दिया। निरीक्षण के क्रम में डीईओ ने शिक्षकों को समय पर विद्यालय पहुंचने, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने तथा छात्र-छात्राओं की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया. उन्होंने कहा कि सरकारी विद्यालयों में बेहतर शैक्षणिक वातावरण तैयार करना शिक्षा विभाग की प्राथमिकता है और इसमें शिक्षकों की सक्रिय भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है ।डीईओ ने विद्यालय के अभिलेखों की भी जांच की और आवश्यक सुधार के लिए संबंधित शिक्षकों को निर्देश दिए. उन्होंने स्पष्ट कहा कि शैक्षणिक गतिविधियों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी । निरीक्षण के अंत में उन्होंने कहा कि सरकारी विद्यालयों में अनुशासन, पारदर्शिता और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से ऐसे औचक निरीक्षण आगे भी नियमित रूप से जारी रहेंगे ।






## खबर संक्षेप

### तिल्दा में रक्तदान शिविर 21 अगस्त को




**तिल्दा-नेवरा।** राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि की पुण्य स्मृति में ब्रह्माकुमारीज़ के समाज सेवा प्रभाग द्वारा देशभर में चलाए जा रहे विश्व बंधुत्व रक्तदान महाअभियान के तहत तिल्दा में भी 21 अगस्त को रक्तदान महाअभियान आयोजित किया जाएगा। ब्रह्माकुमारीज़ तिल्दा सेवाकेंद्र द्वारा आयोजित इस अभियान का उद्देश्य लोगों को स्वैच्छिक रक्तदान के लिए प्रेरित करना और जरूरतमंद मरीजों के जीवन की रक्षा में समाज की भागीदारी बढ़ाना है। ब्रह्माकुमारीज़ तिल्दा ने नागरिकों से अपील की है कि वे 21 अगस्त को सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक नील कमल परिसर स्थित ब्रह्माकुमारीज़ सेवाकेंद्र पहुंचकर स्वैच्छिक रक्तदान करें। सेवाकेंद्र पंजाब नेशनल बैंक एवं एचडीएफसी बैंक के पास स्थित है। रक्तदान के साथ नागरिकों को ज्ञान-योग एवं राजयोग का लाभ लेने के लिए भी प्रेरित किया गया है।

### श्रीराम लला का दर्शन करने तीर्थ यात्री रवाना



**भाटापारा।** जनपद पंचायत भाटापारा से श्री रामलला तीर्थ यात्री दर्शन हेतु बस से रायपुर रेलवे स्टेशन के लिए जनपद उपाध्यक्ष भोला वर्मा, पवन वर्मा ने पंचायत इंस्पेक्टर सनतध्रुव व सत्यनारायण ठाकुर एवं अन्य की उपस्थिति में हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। तीर्थ यात्री 19 से 22 अगस्त तक तीर्थ धाम यात्रा करेंगे।

### स्वतंत्रता दिवस में एनसीसी कैडेट्स की परेड



**सिमगा।** ब्लॉक के ग्राम नवापारा में स्वतंत्रता दिवस पर एनसीसी कैडेट्स द्वारा आयोजित परेड ने लोगों में जोश भर दिया। गांव के सभी प्रमुख चौक चौराहा और बाजार चौक में स्थापित शहिद मिथलेश साहू की प्रतिमा स्थल एवं शहीद स्मारक द्वार पर पूरे राष्ट्रभक्ति और विधि विधान से ध्वजारोहण का कार्यक्रम किया गया। वही शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नवापारा के व्यायाम शिक्षक और एनसीसी अधिकारी वीरेंद्र पटेल के नेतृत्व में आयोजित शहीद स्मारक स्थल बाजार चौक में एनसीसी कैडेट्स के द्वारा राष्ट्रगान व शानदार मार्च पास्ट किया गया। जिसमें उपस्थित 50 छात्र सैनिकों ने देश भक्ति के साथ पूरे जोश से मार्च पास्ट करते हुए तिरंगे झंडे को सलामी दी। प्राथमिक शाला एवं हायर सेकंडरी स्कूल व सरस्वती शिशु मंदिर के उपस्थित सैकड़ो विद्यार्थियों द्वारा विशाल प्रभात फेरी पूरे गाजे बाजे व तिरंगे झंडे के साथ निकाली गई जहां देशभक्ति के नारे से पूरा गांव गुंजायमान हो गया। उक्त कार्यक्रम में सिमगा जनपद अध्यक्ष डॉ. दौलत पाल, सरपंच डोमार सिंह मार्कण्डेय, पूर्व सरपंच भुनेश्वर वर्मा, उप सरपंच लोकनाथ वर्मा, शिक्षाविद बिसेसर पाल, पंचगण, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं गांव के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### प्राथमिक स्कूल तुलसी को दान में मिले तीन सीलिंग फेन

**खरोरा।** प्राथमिक शाला तुलसी संकुल केंद्र तुलसी जिला रायपुर



ग्राम तुलसी के युवा दान दाता स्व. परमेश्वर सेन की स्मृति में सुपुत्र चन्द्रशेखर सेन की ओर से विद्यालय में दो पंखा एवं मंतराम साहू तुलसी निवासी की ओर से एक नग सीलिंग फेन दान दिया गया। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष महेन्द्र कुमार यादव, संकुल समन्वयक लोकनाथ साहू एवं समस्त स्टाफगण उपस्थित रहे। दोनों दान दाताओं का शाला के महेन्द्र कुमार साहू प्रधान पाठक के ससम्मान करते हुए आभार जताया।

# पेंड्रावन जलाशय बंगोली में 15 फीट जलभराव, पर्यटन और सिंचाई के लिए बना केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बंगोली

रायपुर-बलौदाबाजार मार्ग पर स्थित ऐतिहासिक पेंड्रावन जलाशय (बंगोली) में इस सीजन में अब तक 15 फीट जलभराव दर्ज किया गया है। जलस्तर में वृद्धि होने से एक ओर जहां किसानों के चेहरे खिल उठे हैं, वहीं दूसरी ओर जलाशय की प्राकृतिक सुंदरता को निहारने के लिए पर्यटकों की आवाजाही भी बढ़ गई है।

### रायपुर जिले का सबसे बड़ा बांध

राजधानी रायपुर से बलौदाबाजार सड़क मार्ग पर लगभग 30 किलोमीटर की दूरी पर स्थित पेंड्रावन जलाशय रायपुर जिले के सबसे बड़े बांधों में से एक है। मुख्य मार्ग पर स्थित होने के कारण यह आसपास के 30 किलोमीटर क्षेत्र के रहवासियों के लिए एक प्रमुख पिकनिक स्पॉट बन चुका है, जहां लोग परिवार सहित घूमना पसंद करते हैं।



### ऐतिहासिक पेंड्रावन जलाशय एक नजर में निर्माण काल

इस जलाशय का निर्माण वर्ष 1902 से 1909 में 2.33 लाख में हुआ। जिसमें जल ग्रहण क्षमता 25.27 वर्ग किलोमीटर तक है। वहीं जल संचय क्षमता 10.76 मिलियन घन मीटर मानी जा रही है। बांध की लम्बाई 2012 मीटर है, जिससे 2592 से 2600 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई होती है। इस जलाशय से मुख्य नहर की लंबाई 6.31 किलोमीटर तथा वितरक शाखा नहरों की कुल लंबाई 24.15 किलोमीटर है। वर्तमान में 15 फीट पानी जमा होने से आगामी फसलों के लिए पर्याप्त सिंचाई की उम्मीद जगी है, जिससे स्थानीय किसानों में भारी उत्साह है।


### नवाडीह का प्राथमिक स्कूल आंगनबाड़ी भवन में संचालित हो रहा

# जर्जर स्कूल भवन में पढ़ाई करने बच्चे मजबूर







हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

विकासखंड अंतर्गत वनांचल क्षेत्र स्थित ग्राम पंचायत भिंभौरी के आश्रित गांव नवाडीह स्थित प्राथमिक विद्यालय की हालत बदतर हो चुकी है। छतों से सीमेंट की टुकड़े अचानक गिर पड़ते हैं, छत में लगा लोहे का रॉड भी दिख रहा है कि यहां छात्राओं का पढ़ाई कम, जान का जोखिम ज्यादा दिखता है। स्कूल का भवन पूरी तरह जर्जर हो चुका है। स्कूल खुलने के 2 माह बाद भी जिला प्रशासन की नींद अब तक नहीं टूटी है।

विदित हो कि ग्राम पंचायत भिंभौरी के आश्रित गांव नवाडीह में स्थित शासकीय प्राथमिक स्कूल में पहली से पांचवीं कक्षा तक कुल 5 कक्षाएं संचालित होती हैं, लेकिन स्कूल भवन की जर्जर छत के नीचे बैठकर छात्राएं पढ़ने को मजबूर हैं। छात्राओं को न बैठने की पर्याप्त जगह है, न पढ़ने का माहौल, बाकी कमरों की छतें टूट चुकी हैं, दीवार से छड़ स्पष्ट दिख रही है, जो कि कभी भी बड़ी घटना हो सकती है। अभी बरसात में छत से पानी सीपेज होता है। ऐसे में छात्राओं का पढ़ना मुश्किल हो गया है। साथ ही शौचालय की स्थिति भी खराब है। मजबूरीवश आंगनबाड़ी भवन में कक्षा संचालित की जाती है।

#### ग्रामवासियों और अभिभावकों में आक्रोश बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंता

अभिभावकों का कहना है कि अपने बच्चों को स्कूल भेजने से डरते हैं, हर दिन लगता है कि कहीं कोई हादसा न हो जाए, स्कूल के प्रधान पाठक मनोज ध्रुव ने बताया कि इस विषय में कई बार हम लोग शिक्षा विभाग और उच्च अधिकारियों से शिकायत कर चुके है, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है,न हीं हमारे इस स्कूल पर कोई अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे है। शिक्षको के साथ अभिभावकों का मांग हैं कि जल्द से जल्द नया भवन बनाया जाए या स्कूल को किसी सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट किया जाए जिससे छात्र छात्राओं को बेहतर शिक्षा हम दे सकें।

# रक्षाबंधन पर बाजार में ग्राहकों की चहल-पहल शुरू



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

रक्षा बंधन आगामी 28 अगस्त को लेकर शहर के लगभग 50 छोटे बड़े स्थानों पर राखी दुकान सज चुकी है और बकायदा ग्राहकी का माहौल है। बदलते माहौल में आकर्षक व फैंसी एवं नई डिजाईनों की राखी की मांग बाजार में ज्यादा है। दिल्ली, अहमदाबाद, सूरत, मुंबई सहित अन्य महानगरों से राखी की खेप खरोरा पहुंचकर बिक्री के लिए शुरू हो चुकी है। राखियों में लंबा, दिल्ली डोरी, फैंसी डोरी, जरी राखी, स्टोन राखी, अहमदाबाद राखी, डोरी राखी, रेशम डोरी मेटल राखी के अलावा अन्य राखियों का स्टॉक चिल्हर व थोक दुकानों में बड़ी तादाद में मौजूद है, जहां थोक दुकान से आस पास के तमाम क्षेत्र के लिए राखी के कार्टून पैक होकर रवाना हो रहे हैं। वहीं चिल्हर राखियों की दुकान में भी अच्छी ग्राहकी से इस बार राखी बाजार में भारी चहल पहल का वातावरण रहने की संभावना है। राखी को लेकर विभिन्न मिष्ठान भंडारों में भी मिठाई बनाने को लेकर व्यापक पैमाने पर तैयारी जारी है। इधर भाईयों की कलाई में प्रत्यक्ष रूप से राखी नहीं बांध पाने वाली बहन विभिन्न कुरियर ह व डाक से राखी बड़ी तादाद में अभी से भेज रही हैं, ताकि उनके भाईयों तक सही समय पर राखी पहुंच सके। बाजार में अधिकांश दुकानों में 5 रुपए नग से लेकर 200 रुपए नग तक बिकने वाली राखी मौजूद है। चांदी के भाव में भारी उछाल के कारण इस बार चांदी बाजार व ज्वेलर्स बाजार में चांदी की राखी की मांग अत्यंत कमजोर स्थिति में है।

# सेंट थामस स्कूल में मनाया स्वतंत्रता दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| लवन

नगर में संचालित सेंट थॉमस विद्यालय एवं सेक्रेड हार्ट नर्सरी स्कूल में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। स्कूल के खेल मैदान में और बच्चों के हाथों में तिरंगा शान से लहराता हुआ नजर आया। मुख्य अतिथि वार्ड क्रमांक 3 के पार्षद यीशु दास निराला ने सर्वप्रथम परेड का निरीक्षण किया। तत्पश्चात झंडोत्तोलन किया। सेक्रेड हार्ट स्कूल में 15 अगस्त को 80वां स्वतंत्रता दिवस हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। स्कूल के खेल मैदान में और बच्चों के हाथों में तिरंगा शान से लहराता हुआ नजर आया। बच्चों के द्वारा प्रस्तुत समूह गीत, नृत्य और योग आकर्षण का विशेष केंद्र रहा।

पार्षद यीशु दास निराला अपने संबोधन में विद्यालय की उपलब्धियों को बताया और कहा कि सशक्त भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि आजादी के 80 वर्षों में हमारा भारत हर क्षेत्र में उन्नति की ओर अग्रसर है। उन्होंने बच्चों से एक कुशल नागरिक बनकर देश के विकास में अपने योगदान देने की अपील की। इस मौके पर सीक्रेट हार्ट नर्सरी स्कूल के बच्चे अलग-अलग वेशभूषा में पहुंचे लोगों का मन मोह लिया। बच्चों के द्वारा प्रस्तुत समूह गीत, नृत्य और योग आकर्षण का विशेष केंद्र रहा। इस मौके पर विद्यालय स्तर पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिता के विजेताओं को सर्टिफिकेट और मेडल देकर उनका हौसला बढ़ाया गया। इस पवन कार्यक्रम में संत थॉमस विद्यालय के मैनेजर फादर संजीत टोप्पो प्राचार्य साजी थॉमस सीक्रेटहार्ट नर्सरी स्कूल की प्राचार्या सिस्टर लीना जॉर्ज सहित शिक्षक-शिक्षिका और बच्चों के पालक उपस्थित रहे।



# स्वतंत्रता दिवस पर आत्मानंद विद्यालय के छात्रों ने रोपे पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुनी

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय में चित्र रेखा साहू, ग्राम पंचायत में सरपंच कविता ध्रुव एवं उपसरपंच विष्णु साहू, प्राथमिक शाला में अध्यक्ष शाला विकास समिति प्रीति साहू एवं उपसरपंच विष्णु साहू, शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय में आर आर साहू सेवानिवृत शिक्षक, छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक में जनपद सभापति प्रतिनिधि त्रिलोक यादव द्वारा तिरंगा फहराया गया। सुबह से ही विद्यालयों के बच्चों द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई। प्राथमिक शाला में स्वतंत्रता दिवस पर पौधारोपण का कार्य किया गया। जिसमें आम, सीताफल, कनेर के पौधों का विद्यालय प्रांगण में रोपण किया गया। इस ध्वजारोहण के अवसर में प्राथमिक शाला मे शाला विकास समिति से संरक्षक शंकर लाल रजक, संरक्षक भूपेंद्र शर्मा, शिक्षाविद भवरसिंह साहू, अध्यक्ष प्रीति साहू, सरपंच कविता ध्रुव, उपसरपंच विष्णु साहू, सचिव राजेश साहू, सरपंच प्रतिनिधि सुखराम ध्रुव, सचिन सोनी, प्रेम साहू, प्रधान पाठक रामखिलावन बंजारे, अन्नपूर्णा ध्रुव, कुंती साहू, अभय लाल ध्रुव, श्यामा साहू, निर्मला कुर्रे, महेश्वरी सहित समस्त पंचायत प्रतिनिधि एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# गांव-गांव पहुंचेगा पॉक्सो और पोश कानून जागरूकता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा




महिलाओं और बालिकाओं को यौन उत्पीड़न से जुड़े कानूनों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से गृहणी स्वयंसेवी संस्था ने पॉक्सो एवं पोश अधिनियम को लेकर व्यापक जनजागरूकता अभियान की शुरुआत की है। अभियान के तहत जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में महिलाओं, बालिकाओं और छात्राओं तक कानून की जानकारी पहुंचाने की कार्ययोजना तैयार की गई है।

ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ उत्पीड़न की घटनाएं सामने आती रहती हैं, लेकिन कानूनी अधिकारों और शिकायत की प्रक्रिया की पर्याप्त जानकारी नहीं होने के कारण कई पीड़ित आवाज नहीं उठा पाते। इसी समस्या को ध्यान में रखते हुए संस्था ने पंचायत स्तर, स्वयं सहायता समूहों और स्कूलों तक जागरूकता अभियान पहुंचाने का निर्णय लिया है। अभियान के प्रथम चरण की कार्ययोजना को लेकर गृहणी संस्था के महिला सशक्तिकरण भवन कुथरौद में बैठक आयोजित की गई। इसमें संस्था के कार्यकारिणी सदस्य, विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि, जनपद एवं जिला पंचायत के अधिकारी तथा करीब 50 महिलाओं ने सहभागिता की।

कार्यक्रम में गृहणी संस्था की प्रमुख रूपा श्रीवास्तव ने पावरपॉइंट प्रेजेंटेशन, प्रिंटेड सामग्री, गेम्स और रोल-प्ले के माध्यम से प्रतिभागियों को पॉक्सो एवं पोश अधिनियम के प्रावधानों, अधिकारों और आवश्यक सावधानियों की जानकारी दी।

#### गांवों में तैयार होंगे विषय विशेषज्ञ

संस्था की कार्ययोजना के तहत प्रत्येक गांव में ऐसे विषय विशेषज्ञ तैयार करने का लक्ष्य रखा गया है, जो स्थानीय स्तर पर महिलाओं एवं बालिकाओं को आवश्यक जानकारी और सहायता उपलब्ध करा सकें। साथ ही ब्लॉक स्तर पर संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर प्रभावी नेटवर्क तैयार करने की योजना है। संस्था का उद्देश्य गांव स्तर पर सुरक्षित वातावरण तैयार करने के साथ ही शासन और स्थानीय संस्थाओं की भागीदारी से ऐसी संवाद प्रणाली विकसित करना है, जिससे जरूरत पड़ने पर पीड़ितों को समय पर सहायता मिल सके। संस्था की प्रमुख रूपा श्रीवास्तव ने कहा कि कार्ययोजना को स्थानीय आवश्यकताओं के अनुसार समय-समय पर और अधिक प्रभावी बनाया जाएगा। उनका कहना है कि अभियान का उद्देश्य जागरूकता के संदेश को गांव-गांव तक पहुंचाना और महिलाओं एवं बालिकाओं के लिए सुरक्षित वातावरण तैयार करना है।

### वार्ड 15 में घर-घर पहुंचे कार्यकर्ता

# स्मार्ट मीटर के विरोध में कांग्रेस का अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

स्मार्ट मीटर हटाओ, पुराना मीटर लगाओ अभियान को शहर के प्रत्येक वार्ड और बूथ स्तर तक पहुंचाने के उद्देश्य से जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में ब्लॉक स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में अभियान के जिला प्रभारी सकलेन कामदार और जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुमित्रा धृतलहरे विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक का नेतृत्व शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रवीण सेन ने किया।

बैठक में अभियान को प्रभावी बनाने तथा अधिक से अधिक उपभोक्ताओं को इससे जोड़ने की कार्ययोजना पर चर्चा की गई। नेताओं ने कार्यकर्ताओं से घर-घर संपर्क कर नागरिकों की समस्याएं सुनने और अभियान से संबंधित फॉर्म भरवाने का आह्वान किया।



बैठक के बाद जिला प्रभारी सकलेन कामदार, जिला अध्यक्ष सुमित्रा धृतलहरे और शहर अध्यक्ष प्रवीण सेन सहित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने वार्ड क्रमांक 15 में घर-घर पहुंचकर नागरिकों से संपर्क किया। इस दौरान स्मार्ट मीटर से संबंधित जानकारी साझा की गई, उपभोक्ताओं के फॉर्म भरवाए गए और उनकी समस्याएं एवं चिंताएं सुनी गईं।

सकलेन कामदार ने कहा कि अभियान को केवल बैठकों तक सीमित नहीं रखा जाएगा, बल्कि प्रत्येक वार्ड में घर-घर पहुंचकर उपभोक्ताओं से संवाद किया जाएगा। सुमित्रा धृतलहरे ने कार्यकर्ताओं से जनहित के इस अभियान को सक्रियता के साथ आगे बढ़ाने की अपील की।

शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रवीण सेन ने बताया कि शहर के सभी 21 वार्डों में अभियान चरणबद्ध तरीके से चलाया जाएगा। कार्यकर्ता नागरिकों को आवश्यक जानकारी देने के साथ उनके फॉर्म भरवाने में सहयोग करेंगे।

इस अवसर पर पूर्व पाठ्यपुस्तक निगम अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी, पूर्व विधायक जनक राम वर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश यदु, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष परमेश्वर यदु, ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष दीपक साहू, जिला कोषाध्यक्ष हेमचंद केसरवानी, जिला महामंत्री लखेश साहू, शहर कांग्रेस महामंत्री नीरज बांधे, मोहन साहू, मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र जायसवाल, गोल्डी मारईया, पूर्व जिला पंचायत सदस्य पद्मेश्वरी साहू, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष संतोष तिवारी सहित पार्षद डिगेश्वरी, रविंद्र नामदेव, सलमान शेख, सुरेश धृतलहरे, सुमन कोसले, सूर्यकांत वर्मा, पवन दास मानिकपुरी, कृष्ण टंडन, जय सिंह ठाकुर, शैलेंद्र ध्रुव सहित कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

